.

प्रेस विज्ञप्ति / **Press Release** **24 जनवरी / January, 2020**

सिडबी ने निवेशक दिवस का आयोजन कर स्टार्टअप इकाईयों के लिए निधि जुटाई
SIDBI facilitates funding for startups by organising Investors' Day

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने हाल ही में बेंगुलुरु में द्वितीय निवेशक दिवस मनाया। इसमें 200 आवेदकों के एक समूह से 20 स्टार्टअप इकाईयों का चयन किया गया और उन्हें निधि जुटाने के लिए विभिन्न निधि प्रबन्धकों से मिलवाया गया। स्टार्टअप ने अपने अगले स्तर की विकास योजनाओं को साझा किया और अपनी कंपनी में निवेश के लिए आह्वान किया। निवेशिती कंपनियों को निवेश चक्र की अगले पायदान तक ले जाने के लिए निवेशकों ने उनका मूल्यांकन किया और उनमें अपनी रूचि दर्शाई।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), celebrated the second Investors' Day recently in Bengaluru in which 20 startups were selected from a pool of 200 applicants and they were introduced to various fund managers for making a pitch for raising funds. The startups pitched with their next level of growth plans and made a case for investment in their company. Funds evaluated and evinced interest to take the investee companies to the next ladder of investment cycle.

सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने इस घटना के संदर्भ को रेखांकित करते हुए अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि "इस कार्यक्रम का आयोजन उभरते स्टार्टअप्स को एक मंच प्रदान करने के लिए किया गया है ताकि वे देश के अग्रणी वैकल्पिक निधि निवेशकों (एआईएफ) के सम्मुख अपने नवोन्मेषी विचारों को प्रस्तुत कर सकें। हमें आशा है कि एआईएफ इन स्टार्टअप्स का मूल्यांकन करेंगे और इनमें निवेश करते हुए उन्हें आगे ले जाएंगे। सिडबी इस कार्यक्रम को व्यापक आधार प्रदान करने की योजना बना रहा है और इसके अगले अध्याय में कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आयोजित करते हुए इस पारितंत्र के अन्य हितधारकों को और अधिकाधिक स्टार्टअप्स को इसमें शामिल करने का प्रस्ताव है। सिडबी ने एक मोबाइल एप्लिकेशन की शुरुआत करके इस गतिविधि को स्वचालित कर दिया है, जिससे

स्टार्टअप और एआईएफ के पास इस कार्यक्रम की पूरी पहुँच हो गई है। एआईएफ खुद ही स्टार्टअप में अपनी रुचि की अभिव्यक्ति करेगा जिसे कार्यक्रम में वास्तविक समय आधार पर प्रदर्शित किया जाएगा।"

Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director of SIDBI, set the context of the event and in his keynote, address said, "The event has been organised to provide a platform for emerging startups who can present their ideas before the leading Alternative Investment Funds (AIFs) of the country. We hope that the AIFs will evaluate these startups and take them forward for investment. SIDBI plans to broad base the event and organise the next chapter of the event at a much larger scale to include more startups and other stakeholders in the ecosystem. SIDBI has also automated the event by introduction of a mobile application whereby the startups and AIFs have end-to-end access to the event. The AIFs shall show their interest in startups on the app itself which shall be displayed at the event on real time basis."

27 फंड प्रबंधकों द्वारा कुल 85 स्टार्टअप्स में रुचि अभिव्यक्त (ईओआई) की गई, जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप्स को 12 ईओआई प्राप्त हुईं। सभी स्टार्टअप्स को कम-से-कम एक ईओआई अवश्य प्राप्त हुई, जबकि 6 सर्वश्रेष्ठ स्टार्टअप को श्री मुस्तफा जी के हाथों ट्रॉफी और उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

A total of 85 Expressions of Interest (EoI) were shown by 27 fund managers with the best startups getting 12 EoIs. All the startups received at least one EOI while the best 6 startups were felicitated by Shri Mustafa, by way of a trophy and a certificate of excellence.

इन 20 स्टार्टअप की पहचान करने की प्रक्रिया एक मुक्त विज्ञापन के साथ शुरू हुई थी। पात्रता मानदंडों में स्टार्टअप की परिभाषा, सकल राजस्व की न्यूनतम सीमा, 1 से 3 साल की अवधि के लिए अस्तित्व में होना और स्केलेबल बिजनेस मॉडल वाले नवाचार की दिशा में काम करना आदि मानदंड शामिल थे। इसके प्रतुत्तर में लगभग 200 आवेदन प्राप्त हुए जो इस ओर आवेदकों की वृहत रुचि को दर्शाता है। तदुपरान्त, उद्यम पूंजी कोष से सदस्यों की एक समिति द्वारा इन आवेदनों को श्रेणीकृत किया गया था। इन 20 स्टार्टअप्स द्वारा खाद्य और कृषि-प्रसंस्करण, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा, मीडिया, स्वचालन और आईटी समाधान तथा वित्तीय सेवाओं जैसे कई क्षेत्रों में समाधान की पेशकश की गई थी।

The process to identify these 20 startups had begun with an open advertisement. The eligibility criteria included meeting the definition of startup, minimum threshold of gross revenue, existence for a period of 1-3 years and working towards innovation having scalable business model etc. Post that, around 200 applications were received signifying the huge amount of interest shown by the applicants. They were then graded by a committee of members from venture capital funds. These 20 startups offered solutions in multiple sectors such as food & agri-processing, clean technology, solar energy, media, automation & IT solutions and financial services.

स्टार्टअप्स ने अपने पसंद की पेशकश करने और शर्तों की बेहतरी हेतु बातचीत करने की संधि से खुद को सशक्त महसूस किया। निवेशकर्ता निधियों ने गुणवत्ता और विविधता का विकल्प प्रदान करने वाले इस मैच मेकिंग प्लेटफ़ॉर्म की सराहना की। सिडबी का यह प्रयास स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करेगा और उभरते और जीवंत उद्यमशील भारत को गति प्रदान करेगा।

The startups felt empowered with offers of choice and ability to better negotiate the terms. Investment funds appreciated the match making platform offering them quality and varied choice. This endeavor of SIDBI shall strengthen the startup ecosystem and render momentum to emerging and vibrant entrepreneurial India.

सिड्बी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in

मीडिया संपर्क: नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
Media contact: Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in